# प्रधानमंत्री की 'मन की बात' सुनकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : भजनलाल शर्मा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित, कहा, ''विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम''
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस दौरान राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में एनसीसी दिवस की चर्चा करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। जब भी कहीं कोई आपदा होती है, वहाँ, मदद करने के लिए एनसीसी कैडेट्स पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की संख्या बढ़कर 20 लाख से भी अधिक हो गई है। साथ ही, गर्ल्स कैडेट की संख्या भी 25 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की बहुत अहम भूमिका है। युवा जब एकजुट होकर देश के विकास के लिए मंथन करते हैं तो इसके ठोस परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि अगले साल स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ 'यंग लीडर्स डायलॉग' होने जा रहा है, जिसमें देशभर से करोड़ों युवा भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' भी एक ऐसा ही प्रयास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने अपनी गयाना यात्रा के दौरान देखा कि भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र में गयाना का नेतृत्व कर रहे हैं। गयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली भी भारतीय मूल के हैं, जो, अपनी भारतीय विरासत पर गर्व करते हैं। मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि देश-भर से नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से इस अभियान ने सिर्फ पांच महीने में ही सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। अब यह अभियान दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है। मेरी गयाना यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति ने अपने परिवार सहित इस अभियान में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने राज्य के जैसलमेर में बने अनोखे रिकॉर्ड के बारे में बताते हुए कहा कि वहां महिलाअें की एक टीम ने एक घंटे में 25 हजार पेड़ लगाए। अभियान के तहत कई संस्थाएं औषधीय पौधे लगा रहीं हैं, तो कहीं, चिड़ियों का बसेरा बनाने के लिए पेड़ लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' में उद्बोधन सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणादायी होते हैं। उनको सुनकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और देश के लिए समर्पण भावना बढ़ती है।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सलूंबर से विधायक शांता देवी, झुन्झुनूं से विधायक राजेन्द्र भाम्बू, देवली-उनियारा से विधायक राजेन्द्र गुर्जर, रामगढ़ से विधायक सुखवंत सिंह तथा खींवसर से विधायक रेवंतराम डांगा को जीत की बधाई देते हुए दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद रहे।




उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को भाग्यनगर हैदराबाद में आयोजित लोकमंथन-2024 कार्यक्रम में ''ग्रांड नरेटिव फोर ए ग्रेट भारत'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत एवं प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार के प्रेरक मार्गदर्शन का लाभ मिला। यह आयोजन भारत के वैभवशाली भविष्य और उसकी महान सांस्कृतिक धारा पर चिंतन को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## मोबाइल छीनने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** मानसरोवर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले एक शातिर बदमाश को पकड़ा है और उसके पास से लूटा गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। जो शिप्रा पथ इलाके से चोरी किया गया है। साथ ही पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले शातिर बदमाश हंसराज वर्मा उर्फ हंसु निवासी बाटोदा जिला गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है।

# महिला ने जलमहल में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया

- लोगों ने महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में रविवार को एक महिला ने जलमहल की मानसागर झील में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जहां मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को पानी से बाहर निकाल कर उसकी जान बचा ली। इसके बाद उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि जलमहल की पाल पर महिला का एक सुसाइड नोट भी मिला है।

इसमें लिखा कि वह परेशान होकर अपनी जान ले रही है। दुनिया में जन्म लेना उसकी गलती थी। बस ये चाहती है कि उसे (पति) सिर्फ एक दिन के लिए जेल में बंद रखा जाए, ताकि उसका घमंड चूर हो सके। क्योंकि वह हमेशा कहता था कि उसको कोई जेल में बंद नहीं करवा सकता। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गोविंद नगर पश्चिम (ब्रह्मपुरी) निवासी नीतू (21) पत्नी नरेंद्र सिंधी ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। जो रविवार को अपने घर से पैदल जलमहल की पाल पर पहुंची और जल महल की झील में छलांग लगा दी। जानकारी में सामने आया है कि महिला नीतू पहले कुछ देर लोगों को देखते हुए पाल पर इधर-उधर घूमती रही। लोगों की नजर बचाकर अचानक जल महल की झील में छलांग लगा दी। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों को महिला पानी में डूबते हुए दिखाई दी।

जलमहल की पाल में मौजूद लोगों ने फौरन पानी में उतर कर महिला को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के लिए महिला को एंबुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल भिजवाकर परिजन को सूचना दी गई।

हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के पास से एक नोट में मिला है। जिसमें लिखा है कि उसकी घर में रोज उसके पति से लडाई होना और उसका पर हाथ उठाना, पूरी-पूरी रात उसे घर से बाहर निकाल देना। इस वजह से वह परेशान होकर अपनी जान ले रही है। इसमें किसी की कोई गलती नहीं है। ये सब सिर्फ उसकी गलती की वजह से हुआ है। उसे इस दुनिया में जन्म नहीं लेना चाहिए था। कोई बात नहीं, उसके पति पर अगर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तो वो वह नहीं करवानी। क्योंकि वह अपने पति, अपने बच्चे से बहुत प्यार करती है। बस सिर्फ ये चाहती है कि उसे सिर्फ एक दिन के लिए जेल में बंद रखा जाए, ताकि उसका घमंड चूर हो सके। क्योंकि वो हमेशा कहता था कि उसे कोई जेल में बंद नहीं करवा सकता। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## दो सूने मकानों से लाखों के जेवरात और नकदी चोरी

**जयपुर।** कमिश्नरेट पुलिस की कमजोर गश्त व्यवस्था का लाभ चोर उठा रहे है। चोर दो सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। फाल्यावास निवासी मंगल मीणा ने कानोता थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां शादी में गया था। पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने चांदी के जेवरात व नगदी ले गए। घटना का पता उसे घर लौटने पर लगा।

घर लौटा तो मकान के मुख्य गेट के साथ अन्य दरवाजों के भी ताले टूटे हुए थे। कमरों के साथ अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। चोर मकान से एक सोने का टीका, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक जंतर, सवा किलो चांदी के जेवरात और नगदी ले गए। यह घटना 22 नवम्बर की है। दूसरी घटना में सुखीजा विहार निवासी चंद्र प्रकाश शर्मा ने भांकरोटा थाने में मामला दर्ज करवाया कि 22 नवम्बर को वह किसी काम से गया था। दिनदहाड़े चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे।

# भांकरोटा पुलिस ने 11 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेजा

- भांकरोटा इलाके में फर्जी दस्तावेज बनाकर रह रहे थे सभी लोग

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में पकड़े गए 11 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस उनके घर भिजवा दिया गया है। पुलिस ने सभी को अलवर के डिटेनशन सेंटर से बांग्लादेश भेज दिया। डीसीपी पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि भांकरोटा पुलिस को 20 अक्टूबर को मुखबिर से बांग्लादेशियों के इलाके में रहने की सूचना मिली थी। टीम का गठन कर दबिश देकर पुलिस टीम ने 11 बांग्लादेशियों और एक भारतीय सहयोगी को पकड़ा था। इनमें 6 नाबालिग और दिव्यांग भी शामिल थे। इन सभी के पास भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड सहित बैंक, प्रॉपर्टी संबंधित डॉक्युमेंट मिले थे। अमित कुमार ने बताया- इनके पास बांग्लादेश के भी कागज मिले। इनमें बांग्लादेशी का जन्म प्रमाण पत्र, नेशनल आईडी कार्ड, स्कूल प्रमाण पत्र, असल नागरिकता एवं चरित्र प्रमाण पत्र शहर ए नगर निगम खुलान समेत संदिग्ध कागजात मिले थे।

डीसीपी ने बताया कि 20 अक्टूबर को पकड़े जाने के बाद संदिग्ध बांग्लादेशी से विभिन्न एजेंसियों द्वारा पूछताछ की गई। गृह विभाग को लेटर जारी कर इस संबंध में सूचना साझा की गई। गृह विभाग से स्वीकृति मिलने पर आगे की जांच की गई। संदिग्ध बांग्लादेशियों को अलवर डिटेंशन सेंटर भेजा गया। यहां पर अन्य एजेंसियों ने भी इन लोगों से पूछताछ की। इनके पास से मिले सभी कागज संबंधित विभाग को भेजे गए। सामने आया की सभी दस्तावेज गलत कागजात देने पर बने हैं। इन सभी के फर्जी दस्तावेजों के मामले में सोहाग खान को गिरफ्तार किया गया। सोहाग से फर्जी दस्तावेजों के संबंध में जांच की गई। सोहाग ने बताया कि बांग्लादेश के नोजु फकीर ने परिवार के लोगों का फर्जी आधार कार्ड फिरोज कुरेशी व उसके भाई मो. आमिर उर्फ राजा से मिलकर बनवाए थे। इस पर पुलिस टीम ने कार्रवाई कर नोजु और फिरोज को भी गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद उसका भाई मोहम्मद आमिर उर्फ राजा फरार हो गया। नाजु को अभी वापस नहीं भेजा गया है। इनके साथ ही एक भारतीय सहयोगी उस्मान खान को भी पुलिस ने कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया था।

# सेना द्वारा एक दौड़ शूरवीरों के नाम थीम पर दूसरे प्रोमो रन का सफल समापन

- मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ 8 दिसंबर को करेंगे हॉनर रन का शुभारंभ
- हजारों की संख्या में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे और नागरिकों की भागीदारी
- हॉनर रनः भारतीय सेना के बहादुर शूरवीरों और फिटनेस को समर्पित अनूठा आयोजन

**जयपुर।** सप्त शक्ति कमान, राजस्थान द्वारा एक दौड़ शूरवीरों के नाम थीम के अंतर्गत आयोजित हॉनर रन के लिए दूसरा प्रोमो रन रविवार को जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित एनसीसी कैंप से संपन्न हुआ। चीफ ऑफ स्टाफ साउथ वेस्टर्न कमांड सेना मेडल से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वन्द्रा और एसबीआई के जनरल मैनेजर मदन एलएस ने प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ किया।



सप्त शक्ति कमान, राजस्थान द्वारा एक दौड़ शूरवीरों के नाम थीम के अंतर्गत आयोजित हॉनर रन के लिए दूसरा प्रोमो रन रविवार को जयपुर के जे.एल.एन. मार्ग स्थित एन.सी.सी. कैंप से संपन्न हुआ जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

इस दौरान बड़ी संख्या में वेटरन्स, धावक, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे और समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के भुत पूर्व सैनिको के साहस, बलिदान और सेवाओं को सम्मानित करना है। दौड़ के दौरान, फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से एकता और प्रेरणा का संदेश दिया गया।

प्रोमो रनों की सफलता के बाद, अब हॉनर रन का मुख्य आयोजन 8 दिसंबर 2024 को जयपुर में होगा। इस आयोजन का शुभारंभ कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे, जो विशेष रूप से इसे फ्लैग ऑफ करेंगे। इस विशेष आयोजन में सोशल इंफ्लुएंसर्स भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे, साथ ही वेटरन्स की अहम भूमिका रहेगी। इसके अलावा, कई प्रसिद्ध मैराथन धावक, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे और हजारों नागरिक इस आयोजन में भाग लेंगे। मुख्य आयोजन में 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की टाइम्ड रन तथा 3 किमी की नॉन-टाइम्ड दौड़ होगी। वेटरन्स के लिए पंजीकरण निःशुल्क रखा गया है, जबकि अन्य इच्छुक नागरिक आयोजन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

# अपहरण कर फिरौती मांगने वाली गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

- शिप्रापथ थाना पुलिस इस गिरोह के सरगना की तलाश में जुटी

**जयपुर।** शिप्रापथ पुलिस ने अपहरण कर फिरौती मांगने वाली गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का मुख्य सरगना फिलहाल पुलिस की पकड़ से दूर है। पकड़ी गई गैंग के सदस्य दूसरी वारदात की योजना बना रहे थे, इससे पहले ही पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर फरार सरगना की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार मानसरोवर निवासी अमित ने मामला दर्ज करवाया कि वह 7 अक्टूबर को दोस्त की कार लेकर अपने साथियों के साथ मंगल चाय के बाहर खड़ा था। वह वहां से कैब के माध्यम से वापस लौट रहा था इसी दौरान एक सफेद रंग की गाड़ी उसकी कार के सामने आकर रुकी। उसमें से चार नकाबपोश बदमाश उतरे और उसे जबरन अपनी गाडी में डालकर सुनसान स्थान पर ले गए। आरोपियों ने उससे मारपीट कर तीन मोबाइल, पर्स, घडी और नगदी छीन ली और उससे 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। आरोपियों ने अमित को एक स्थान पर बंधक बनाकर रखा। किसी तरह आरोपी वहां से जान बचाकर भागा और पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस पर पुलिस ने घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर कार व बदमाशों की पहचान की। पुलिस ने इस मामले में हरसहाय गुर्जर, सुनील सिंह और महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले कई दिन तक रेकी की थी। पुलिस ने बताया कि हरसहाय गुर्जर मूलतः करौली हाल सिरसी रोड, सुनील मूलतः नागौर हाल सिरसी रोड और महेंद्र मूलतः सिकंदरा दौसा हाल मीनावाला सिरसी का रहने वाला है।

## बुजुर्ग के खाते से एक लाख रुपए निकाले

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में पेशेंट दिखाने के नाम पर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग से एक लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पेशेंट दिखाने के नाम पर साइबर ठगों ने मोबाइल पर लिंक भेजा था। लिंक पर क्लिक करते ही बैंक खाते से एक लाख रुपए निकल गए। इस संबंध में पीड़ित ने अशोक नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि सी-स्कीम अशोक नगर निवासी 72 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि वह अपने घर पर बैठे थे। इस दौरान उसके मोबाइल पर पेशेंट दिखाने के नाम पर एक लिंक भेजा गया। मोबाइल पर आए लिंक को देखकर उन्होंने क्लिक किया।

# शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथ यात्रा ने दिया समता मूलक समाज बनाने का संदेश

- यात्रा के समापन पर हुआ राष्ट्र नवनिर्माण दीप महायज्ञ

**जयपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथ यात्रा के रूप में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने प्रेरक नारों के साथ रविवार को एक दर्जन कॉलोनियों में समतामूलक समाज बनाने का संदेश दिया।

गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में निकली ज्योति कलश रथ यात्रा का शुभारंभ ढहर के बालाजी स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। मंदिर महंत पंडित राजेश शर्मा ने आरती उतारी।

इसके बाद रथ यात्रा विजयबाड़ी पथ नंबर 7 के श्री श्याम मंदिर, भोमिया जी का मंदिर, माताजी का मंदिर, प्रताप नगर चौराहा, परमहंस कॉलोनी, जीण माता मंदिर होते हुए मुरलीपुरा स्कीम पहुंची। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने काफी देर तक पुष्प वर्षा की। यहां बैंड बाजे के साथ रथ यात्रा शोभायात्रा के रूप में बदल गई। स्थानीय लोग और गायत्री परिजन केडिया प्लेस चौराहा होते हुए रामेश्वर धाम स्थित गौड़ विप्र समाज भवन पहुंचे। यहां पहले से उपस्थित श्रद्धालुओं ने 2400 तीर्थों के जल और रज समाहित कलश की आरती उतारी। यहां से रथ यात्रा विकास नगर स्थित राधे कृष्ण मंदिर पहुंची। मनु महाराज के सानिध्य में महिलाओं ने नशा मुक्ति रैली के रूप में कलश यात्रा का स्वागत किया। रथ यात्रा के स्वागत के लिए महिलाओं ने अपने घर के बाहर रंगोली और मांडने बनाए। पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा की।



शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथ यात्रा में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने प्रेरक नारों के साथ रविवार को एक दर्जन कॉलोनियों में समतामूलक समाज बनाने का संदेश दिया।

नाड़ी का फाटक होते हुए रथ यात्रा बाढ़ की ढाणी, निवारू रोड, ग्रीन पार्क, नांगल जैसा बोहरा होते हुए बाहुबली नगर में पहुंची। यहां एक पार्क में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में दीपक जलाकर के यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की गई। अलग अलग स्थानों पर जय हिन्द शुभकामना ग्रुप, बाबा मेहर दास ट्रस्ट, पूज्य सिंधी पंचायत, भारत विकास परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया। वार्ड नंबर 25 के पार्षद संजय जांगिड़, वार्ड 17 के पार्षद कमलेश यादव, वार्ड 16 की पार्षद दीपमाला शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर में महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमैन डॉ मीनाक्षी शर्मा, पूर्व पार्षद कौशल किशोर शर्मा, समाजसेवी श्री कांत शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी नगेंद्र वशिष्ठ, लोक चन्द हरिरामानी, पंकज कुमार, रामेश्वर धाम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साह, सचिव संदीप सक्सेना, गौड विप्र समाज समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, उत्थान सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी, हरि ओम जन सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज गोयल, श्री भोमिया जी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह रूंडल, संस्कृति पब्लिक स्कूल के सचिव आयुष शर्मा सहित 100 से अधिक विशिष्ट व्यक्तियों ने ज्योति रथ यात्रा की अगवानी करते हुए पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। सोमवार को रथ यात्रा मानसरोवर में रहेगी।

## निवेश के बहाने युवती से 6 लाख रुपए ठगे

**जयपुर।** कमिश्नरेट पुलिस आमजन को लगातार सोशल मीडिया पर घर बैठे मोटे पैसे कमाने के चक्कर में रुपए गंवाने को लेकर सावचेत कर रही है, लेकिन फिर भी लोग ठगों के जाल में फंसते जा रहे है। बिंदायका थाना इलाके में निवेश कर घर बैठे मोटा पैसा कमाने के लालच में एक युवती ने 6 लाख रुपए गवां दिए। एएसआई बाबूलाल के अनुसार राधा विहार जेडीए कॉलोनी निवासी अंकिता गर्ग ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक नम्बर से कॉल आया। कॉल कर्ता ने उसे घर बैठे थोड़ा निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजकर एक एप डाउनलोड करने को कहा। एप डाउनलोड करने के बाद वह एक ग्रुप में जुड गई। इसके बाद उसे निवेश करने को कहा गया। निवेश करने पर उसे कई बार मुनाफा दिया गया। इस पर उसने लगातार निवेश करना जारी रखा। इस प्रकार पीडिता ने कई बार में 611600 रुपए का निवेश कर दिया। अब आरोपी उसे रुपए नहीं लौटा रहे है। ठगी का अहसास होने पर पीडिता ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कंगला गैंग के सदस्य सहित दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** कोटखावदा थाना पुलिस ने कंगला गैंग के सक्रिय सदस्य सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग ने पुलिस दल पर जानलेवा हमला करना, मोबाइल स्नैचिंग और मारपीट कर रुपए ऐठने का काम करती है। पुलिस ने गैंग के सक्रिय सदस्य सियाराम व एक अन्य बदमाश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ मे कंगला गैंग के सदस्य सियाराम ने अपनी गैंग के साथ जयपुर, निवाई टोंक में करीब दर्जन भर वारदात करना स्वीकार किया है।

डीसीपी साउथ ने बताया कि लूट, मोबाइल स्नेचिंग, मारपीट कर रुपए ऐठने वाली गैंग के सरगना कृष्ण कुमार मीना उर्फ के के व उसके साथियो की धरपकड करने के दौरान प्रतापनगर थाना पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला के मामले में वांछित कुख्यात अपराधी सियाराम मीना व उसके साथी को गिरफ्तार किया गया है। प्रतापनगर पुलिस टीम थाना कोटखावदा के गांव ठिकरिया मीणान मे लूट, मोबाइल स्नेचिंग, मारपीट कर रुपए ऐठने वाली कंगला गैंग के सरगना कृष्ण कुमार मीना उर्फ के के व उसके साथियो की पकडने आए थे।

इस दौरान कृष्ण कुमार मीना, उसके साथी और परिवार के लोगों ने पुलिस दल पर लाठी -सरियो से ताबडतोड जानलेवा हमला कर घायल कर मुलजिम को छुडा कर ले गए थे। इस पर पुलिस ने मुख्य आरोपी व कुख्यात कंगला गैंग के सरगना कृष्ण कुमार मीना उर्फ के.के. विश्राम मीना, रामकेश मीना, रामवतार मीना, राजू लाल मीना, रामफूल मीना, मीना देवी, छोटी देवी को त्वरित दस्तयाब कर प्रकरण मे बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया व शेष रहे मुलजिमान की तलाश की जा रही थी। कंगला गैंग के सक्रिय आदतन अपराधी सियाराम मीना व उसके साथी दयाराम मीना को आसूचना संकलन व तकनीकी सहयोग से दस्तयाब किया गया।

## ट्रॉली के नीचे दबने से युवक की मौत

**जयपुर।** कालवाड़ थाना इलाके में ट्रॉली के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मिट्टी से भरी ट्रॉली खाली करने के दौरान हाइड्रोलिक पम्प अटक गया। इससे असंतुलित होकर ट्रॉली पलट गई। इससे वहां पर काम कर रहा एक युवक नीचे दब गया। मृतक की पहचान रोजदा निवासी राजू लाल के रूप में हुई है। घटना मांचवा गांव की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।